>

Title: Need to construct railway halt at Gaighat and Kailashpuri in Bahraich Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के लखनऊ मंडल के अंतर्गत गोण्डा-बहराइच-नानपारा-मैलानी रेलमार्ग पर कैलाशपुरी तथा गायघाट में हाल्ट स्टेशन बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा काफी अरसे से की जा रही है। कैलाशपुरी से एक तरफ 10 कि.मी. की दूरी पर मझरा तथा दूसरी तरफ 10 कि.मी. की दूरी पर बिछिया रेल स्टेशन है। यह जंगली इलाका है, यहां पर टाइगर, हाथी आदि जंगल में पाये जाते हैं। जंगल क्षेत्र में आवागमन कठिन कार्य है। कैलाशपुरी में हाल्ट स्टेशन के निर्माण से काफी बड़ी संख्या में नागरिकों को सुविधा मिलेगी। इसी प्रकारमिहीपुरवा रेल स्टेशन तथा रायबोझा रेल स्टेशन के मध्य गायघाट एक प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है। इन दोनों स्थानों पर हाल्ट स्टेशन निर्माण से जनता को काफी सहूलियत होगी। दोनों स्थानों से काफी संख्या में लोगों का आना-जाना होगा।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनहित में गायघाट तथा कैलाशपुरी में हाल्ट स्टेशन के निर्माण की अनुमति देने की कृपा करें।